पत्रांक–5 / स्था०(नि०)नियुक्ति–6030 / 15– 1155 (नि०)

# झारखण्ड सरकार

**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची।**

प्रेषक,

**निदेशक,**
नियोजन एवं प्रशिक्षण,
झारखण्ड, राँची।

सेवा मे,

**निदेशक,**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग,
झारखण्ड, राँची।

राँची, दिनांक–21.12.2015

विषय :– **स्वास्थ्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के अन्तर्गत बहुउद्देशीय कार्यकर्त्ता (पुरूष) की संविदा आधारित नियुक्ति संबंधी सूचना प्रकाशन राज्य के प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करने के संबंध में।**

प्रसंग :– स्वास्थ्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची का पत्रांक–2 / मले–M.P.W.-अनु0विस्तार 27 / 14–2463 (23), राँची, दिनांक–14.12.15

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक विषय के क्रम में स्वास्थ्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के अन्तर्गत बहुउद्देशीय कार्यकर्त्ता(पुरूष) की संविदा आधारित नियुक्ति हेतु समाचार पत्रों में प्रकाशनार्थ विज्ञापन की प्रति संलग्न है।

वित्त विभाग के पत्रांक–4569(वि०), दिनांक–05.07.2002 के आलोक में अनुरोध है कि इस विज्ञापन को राज्य के प्रमुख दैनिक समाचार पत्रों में से कम से कम दो दिन (एक हिन्दी एवं एक अंग्रेजी) समाचार पत्र के सभी संस्करणों में लगातार दो दिन तक प्रकाशित किये जाये।

**विश्वासभाजन**

21.12.15

**निदेशक**
नियोजन एवं प्रशिक्षण,
झारखण्ड, राँची।

1218 D. Drive/ Anita Office File/2015-16/RNC

**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग।**
**निदेशालय, नियोजन एवं प्रशिक्षण, झारखण्ड, राँची।**

**विज्ञापन सं0:–अ0प्रा0नियो0, राँची–13/2015** **आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि:–07.01.2016**

संविदा पर नियुक्ति हेतु सूचना

स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखण्ड, राँची के अधीन बहुद्देशीय कार्यकर्त्ता (पुरुष) Multi purpose worker (Male) के नवसृजित 2150 पदों पर संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु झारखण्ड सरकार, स्वास्थ्य विभाग के अधीन M.P.W. (M) के रुप में कम से कम एक वर्ष का कार्यानुभव प्राप्त उम्मीदवारों से संलग्न विहित प्रपत्र में नियोजनालय के माध्यम से निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट द्वारा आवेदन पत्र आमंत्रित किया जाता है। नियोजनालय में निबंधित आवेदक अपना आवेदन पत्र निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से इस प्रकार भेजेगें ताकि दिनांक–07.01.2016 अपराहन 5:00 बजे तक स्थानीय नियोजनालय को प्राप्त हो जाय।

झारखण्ड राज्य के जो आवेदक अभी तक किसी भी नियोजनालय में निबंधित नहीं है, वे अपना निबंधन निकटतम नियोजनालय में कराकर अपना आवेदन पत्र उसी नियोजनालय को निबंधित डाक से भेज सकते है।

**पद का नामः**–बहुद्देशीय कार्यकर्त्ता (पुरुष) MPW(M)

**शैक्षणिक योग्यता एवं अन्य अर्हताएं** :– किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से इंटरमीडिएट (विज्ञान)/10+2 (विज्ञान) में न्यूनतम 45% अंको के साथ उतीर्ण होना अनिवार्य है। साथ ही आवेदकों को झारखण्ड सरकार, स्वास्थ्य विभाग के अधीन MPW(M) के रुप में कम से कम एक वर्ष का कार्य अनुभव होना अनिवार्य है।इसके लिए जिला मलेरिया पदाधिकारी द्वारा निर्गत अनुभव संबंधी प्रमाण पत्र ही अनुमान्य होगा।

**उम्र सीमा** :– दिनांकः–01 अगस्त–2015 को सभी कोटि के आवेदकों की उम्र 18 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए।

**वेतनमान्** :– PB-I,रु0 5200–20,200 ग्रेड पे0 रु0 1900/–

**रिक्तियों की विवरणी** :–रिक्तियों की कुल संख्याः–2150

| आरक्षण कोटि | पदो की संख्या | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | क्षैतिज आरक्षण | | | |
| | | दृष्टि निःशक्तता | मूक बधिर निःशक्तता | चलन निःशक्तता | खेल कूद |
| **1** | **2** | **3** | **4** | **5** | **6** |
| 1.अनारक्षित | 1075 | 11 | 11 | 10 | 22 |
| 2.अनुसूचित जनजाति | 559 | 06 | 05 | 05 | 11 |
| 3.अनुसूचित जाति | 215 | 02 | 02 | 02 | 04 |
| 4.अत्यन्त पिछड़ा वर्ग(अनु–1) | 172 | 02 | 02 | 01 | 03 |
| 5.अत्यन्त पिछड़ा वर्ग(अनु–2) | 129 | 01 | 01 | 01 | 03 |

उपरोक्त योग्यताधारी आवेदक अपना आवेदन पत्र निबंधित डाक से इस प्रकार भेजेगें ताकि वह निर्धारित अंतिम तिथि तक स्थानीय नियोजनालय में निश्चित रुप से प्राप्त हो जाय। लिफाफे के उपर विज्ञापन संख्या एवं पद का नाम अवश्य लिखें। **आवेदन पत्र के साथ सभी वांछित प्रमाण पत्रों, जिला मलेरिया पदाधिकारी द्वारा निर्गत अनुभव प्रमाण पत्र तथा नियोजनालय निबंधन कार्ड की स्वअभिप्रमाणित प्रतियाँ आवश्यक रुप से संलग्न करें।** डाक की गडबड़ी का उत्तरदायित्व विभाग पर नहीं होगा और ऐसी स्थिति में आवेदन का दावा मान्य नहीं होगा। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त अथवा साधारण डाक से प्राप्त एवं निर्धारित अर्हता पूरी नहीं करने वाले एवं आधे अधूरे भरे हुए आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

# आवेदन पत्र का विहित प्रपत्र

पासपोर्ट साईज का फोटो

1. विज्ञापन संख्या :– अ0प्रा0नियो0, राँची–13/2015

2. आवेदित पद का नाम :–...............................................................

3. आवेदक का नाम :–.....................................................................

4. पिता का नाम :–..........................................................................

5. स्थायी पता :–

ग्राम–..................... पोस्ट–...................थाना–.........................

जिला–................... पिनकोड–............................

6. पत्राचार का पता :–

ग्राम–..................... पोस्ट–...................थाना–.........................

जिला–................... पिनकोड–...........................मो0न0/ई–मेल–............................

7. जन्म तिथि :–........................................

दिनांक :–01 अगस्त–2015 को उम्र..................वर्ष.......................माह.....................दिन......................

8. शैक्षणिक योग्यता:–

| उत्तीर्ण परीक्षा | बोर्ड/विश्वविद्यालय का नाम | प्राप्तांक | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| | | | |

9. कार्यानुभव:– (क) जिला मलेरिया पदाधिकारी द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र सं0 :–............................ दिनांक–....................

(ख) अवधि :– दिनांक–.................................. से ..................................

**(प्रमाण पत्र की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें)**

10. जाति :–.......................................

11. नियोजनालय का नाम एवं निबंधन संख्या :–..............................................

12. आवेदक का हस्ताक्षर एवं तिथि :–....................................................

*नोट:–* सभी सहायक निदेशक (नि0)/जिला नियोजन पदाधिकारी/नियोजन पदाधिकारी को निदेश दिया जाता है कि वे निर्धारित अर्हताधारी योग्य आवेदकों से निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से प्राप्त आवेदन पत्रों की नियमानुसार सूची तैयार कर दिनांक–18.01.2016 तक सीधे नियोजक Director in chief, Health Directorate, Department of Health and Family Welfare GV I Campus, Namkum, Ranchi-10, Jharkhand पर भेजते हुए उसकी एक प्रति अवर प्रादेशिक नियोजनालय, राँची को भेजना सुनिश्चित करेगें।

21.12.15

**निदेशक**
नियोजन एवं प्रशिक्षण,
झारखण्ड, राँची।